वियोज्य DETACHABLE

# अर्थशास्त्र (प्रश्न-पत्र I)

# ECONOMICS (Paper I)

*निर्धारित समय : तीन घण्टे*
*Time Allowed : Three Hours*

*अधिकतम अंक : 250*
*Maximum Marks : 250*

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें ।**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

ग्राफ/विशदीकरण जहाँ जरूरी हो, प्रश्न के साथ ही उत्तर देने के लिए निर्दिष्ट जगह पर ही अंकन करना/देना है ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Graphs/illustrations, wherever required, may be drawn/given in the space provided for answering the question itself.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

munotes.in

## खण्ड 'A' SECTION 'A'

**1.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

**1.(a)** एक विभेदात्मक एकाधिकारी द्वारा कीमत-निर्धारण में माँग की कीमत-लोच की भूमिका का परीक्षण कीजिए ।

Examine the role of price elasticity of demand in determining the price set by a discriminating monopolist. 10

**1.(b)** आय एवं अवकाश के बीच चुनाव के सन्दर्भ में, पीछे की ओर झुके हुए श्रम के पूर्ति वक्र की व्याख्या कीजिए ।

Explain the backward bending supply curve of labour as a choice between income and leisure. 10

**1.(c)** प्रतिष्ठित एवं केन्ज़ीय समष्टि अर्थशास्त्र की प्रमुख भिन्नताओं की व्याख्या कीजिए ।

Explain the major differences between classical and Keynesian macroeconomics. 10

**1.(d)** निवेश-सिद्धान्त के अन्तर्गत आन्तरिक-प्रतिफल-दर का क्या अर्थ है ? किसी निवेश परियोजना को स्वीकार करना है, यह निर्णय लेने में इसका क्या महत्व है ?

What is meant by internal rate of return in the theory of investment ? What is its importance in deciding whether to accept investment project ? 10

**1.(e)** समझाइए कि खुले बाजार की क्रियाओं के द्वारा साख की उपलब्धता एवं लागत दोनों को एक ही समय पर प्रभावित करना क्यों कठिन माना जाता है ?

Explain why it is considered difficult for open market operations to affect both the availability and cost of credit at the same time. 10

**2.(a)** प्रतिक्रिया फलनों का प्रयोग करते हुए कूर्णो के द्वयधिकार मॉडल की व्याख्या कीजिए तथा इसका नैश-सन्तुलन के रूप में निर्वचन कीजिए ।

Explain the Cournot model of duopoly using reaction functions and interpret it as a Nash equilibrium. 20

**2.(b)** "पूर्ण-प्रतियोगिता, पैमाने के बढ़ते प्रतिफल के साथ असंगत है ।" इस कथन का परीक्षण कीजिए ।

"Perfect competition is incompatible with increasing returns to scale." Examine the statement. 15

**2.(c)** अल्पाधिकार के एक ऐसे मॉडल की व्याख्या कीजिए जो निश्चल-कीमत की व्याख्या करता है ।

Describe a model of oligopoly that explains price stickiness. 15

munotes.in

**3.** (a) "तार्किक प्रत्याशा-परिकल्पना के अन्तर्गत, नियमित मौद्रिक नीति निष्प्रभावी होती है ।" एक उचित मॉडल के द्वारा उपर्युक्त कथन की व्याख्या कीजिए ।

"Under rational expectation hypothesis, systematic monetary policy is ineffective." Explain the above statement using a suitable model. 20

**3.** (b) IS-LM ढांचे के अन्तर्गत मौद्रिक एवं राजकोषीय नीतियों की प्रभावशीलता, निवेश की ब्याज-लोच पर निर्भर करती है । समझाइए ।

In the IS-LM framework, the effectiveness of monetary and fiscal policies depend on the interest elasticity of investment. Explain. 15

**3.** (c) केन्ज़ीय मॉडल के अन्तर्गत, बेरोजगारी-संतुलन प्राप्त करने में मुद्रा की सट्टा-जनित मांग का क्या महत्व है ? चर्चा कीजिए ।

How important is speculative demand for money in achieving unemployment equilibrium in the Keynesian model ? Discuss. 15

**4.** (a) भुगतान-सन्तुलन के मौद्रिक दृष्टिकोण के संदर्भ में, "स्टरिलाइज़ेशन" की अवधारणा की व्याख्या कीजए ।

Explain the concept of "sterilization" in the context of monetary approach to balance of payments. 20

**4.** (b) क्रेताओं और विक्रेताओं के मध्य कर-भार माँग और पूर्ति लोचों के अनुपात में वितरित होता है । व्याख्या कीजिए ।

Tax burden is distributed between buyers and sellers in the ratio of elasticities of demand and supply. Explain. 15

**4.** (c) फ्रीडमैन के मुद्रा-परिमाण-सिद्धान्त के पुनर्कथन की विवेचना कीजिए । यह किन दशाओं में, प्रतिष्ठित मुद्रा-परिमाण-सिद्धान्त में परिवर्तित हो जाता है ? समझाइये ।

Discuss Friedman's restatement of Quantity Theory of Money. Under what conditions, it reduces to classical Quantity Theory of Money ? Explain. 15

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

**5.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

**5.** (a) "कारक तीव्रता उत्क्रमण हेक्शचर-ओहलिन मॉडल से असंगत है ।" इस कथन का परीक्षण कीजिए ।

"Factor intensity reversal is incompatible with Heckscher-Ohlin model." Examine this statement. 10

**5.** (b) किसी करेंसी का मूल्यह्रास स्फीतिक क्यों होता है ? समझाइए ।

Why depreciation of a currency is inflationary ? Explain. 10

**5.** (c) क्या कुज़नेट के एक उल्टे U-वक्र की परिकल्पना पर्यावरणीय अवक्रमण के विश्लेषण के लिये प्रयुक्त हो सकती है ? व्याख्या कीजिए ।

Can Kuznet's hypothesis of an inverted U-curve be extended to analyse environmental degradation ? Explain. 10

**5.** (d) समझाइए कि संशोधित एच.डी.आई. किस प्रकार एच.डी.आई. की अपेक्षा विकास की एक उन्नत माप है ।

Explain how modified HDI is an improved measure of development over HDI. 10

**5.** (e) नवीनीकरणीय ऊर्जा उपयोग किस प्रकार पर्यावरणीय पोषणीयता प्राप्त कराने में सहायक है ? समझाइये ।

How renewable energy use can help attain environmental sustainability ? Explain. 10

**6.** (a) वस्तु X का बाजार देश 1 तथा देश 2 में है । देश 1 में पूर्ति व माँग फलन क्रमशः $P = Q + 70$ तथा $P = 170 - Q$ हैं जब कि देश 2 में पूर्ति व माँग फलन क्रमशः $P = 10 + Q$ तथा $P = 110 - Q$ हैं । मान लीजिए कि विश्व में केवल ये दो देश ही हैं तथा उनका व्यापार संतुलित है । स्वतन्त्र व्यापार कीमत दोनों देशों के व्यापार से पहले की कीमतों के मध्य स्थित होगी । उपर्युक्त सूचना को संज्ञान में लेते हुए, निम्न प्रश्नों का उत्तर दीजिए :

(i) स्वतन्त्र व्यापार कीमत एवं शून्य परिवहन लागत पर, यदि आयातक देश 50 इकाइयों का आयात-अभ्यंश लगाता है तो वस्तु X के उत्पादन एवं उपयोग की मात्रा ज्ञात कीजिए । आयात-अभ्यंश लगाने से उपभोक्ता अतिरेक, उत्पादक अतिरेक तथा संरक्षण लागत आगणित कीजिए ।

(ii) यदि आयातक-देश छोटा है तथा स्वतन्त्र-व्यापार कीमत पर वस्तु X पर 10 रू. प्रति इकाई का प्रशुल्क लगाता है तो इसका प्रभाव उपभोक्ता-अतिरेक उत्पादक-अतिरेक तथा राजकीय-आगम पर ज्ञात कीजिए । क्या यह नीति राष्ट्रीय कल्याण में वृद्धि करती है ?

Consider the market for good X for Country 1 and Country 2. The supply and demand functions for Country 1 are given as $P = Q + 70$ and $P = 170 - Q$, while that of Country 2 are given as $P = 10 + Q$ and $P = 110 - Q$. Assume that there are two countries in the world and trade is balanced. Free trade price is stabilized in between autarky prices of both the countries. Based on the above information, answer the following questions :

(i) From the free trade price and zero transportation cost, if the importing country imposes an import quota of 50 units, determine the quantity of good X produced and consumed. Calculate the consumer and producer surplus and protection cost due to import quota.

(ii) From the free trade price, assume that the importing country is small and consider an import tariff of Rs. 10 per unit on good X. Calculate the impact on consumer surplus, producer surplus and government revenue. Does this policy increase national welfare ? 20

munotes.in

**6.** (b) “नवाचार व आविष्कार की सतत प्रक्रिया से उन देशों के बीच भी व्यापार प्रारम्भ हो जाता है जिनकी कारक निधियां तथा रुचियां समान हैं ।” कथन का परीक्षण कीजिये ।

“A continuous process of innovation and invention would give rise to trade even between countries with similar factor endowments and tastes.” Examine the statement. 15

**6.** (c) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार सिद्धान्त के सन्दर्भ में, बाह्य मितव्ययिताओं तथा उत्पाद विविधता के महत्व का परीक्षण कीजिए ।

Examine the significance of external economies and product variety in the context of international trade theory. 15

**7.** (a) मानव-पूंजी तथा शोध एवं विकास के अवयव आर्थिक संवृद्धि के निर्धारक कारक हैं । यथोचित अंतर्जात संवृद्धि मॉडल का प्रयोग करते हुए व्याख्या कीजिए ।

Human capital and components of research and development are determining factors of economic growth. Explain using appropriate endogenous growth model. 20

**7.** (b) सोलो मॉडल के संदर्भ में, स्थिर-अवस्था अवधारणा की व्याख्या कीजिए ।

Explain the concept of steady-state in the context of Solow model. 15

**7.** (c) पूंजी संचयन का स्वर्णिम-सिद्धान्त क्या है ? एक संवृद्धि मॉडल का प्रयोग करते हुए इसे समझाइए ।

What is the golden rule of capital accumulation ? Explain it using a growth model. 15

**8.** (a) नवीनीकरणीय व गैर-नवीनीकरणीय संसाधनों के विदोहन से उत्पन्न लगान, शुद्ध घरेलू उत्पाद (एन.डी.पी.) एवं पर्यावरण-समायोजित उत्पाद (इ.डी.पी.) में भेद करने के लिये कितना महत्वपूर्ण है ? यदि अर्थ व्यवस्था में केवल नवीनीकरणीय संसाधन हो तथा अर्थव्यवस्था अधिकतम-धारणीय उत्पादन के बिन्दु पर पहुँच गई हो, तो भी क्या यह विभेद मान्य होगा ?

How important is rent from extraction of renewable and non-renewable resources to distinguish between Net Domestic Product (NDP) and Environmentally adjusted Domestic Product (EDP). Will the distinction be valid if we have an economy with only renewable resources and the economy reaches the point of maximum sustainable yield ? 20



munotes.in

**8.** (b) "संतुलित व असंतुलित संवृद्धि-रणनीतियों एक दूसरे की प्रतिस्थापक नहीं अपितु पूरक हैं।" चर्चा कीजिए।

"Balanced and unbalanced growth strategies are not substitutes but complementary to each other." Discuss. 15

**8.** (c) "आय-असमानता चिन्ता का कारण नहीं है जब तक कि प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हो रही है।" इस कथन का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

"Income inequality is not a cause of concern as long as per capita income is rising." Critically examine this statement. 15

munotes.in